कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये मितानीन दीदी घर-घर दे रही है दस्तक, लक्षण वाले व्यक्तियों की जुटा रही है जानकारी

भिलाई नगर। भिलाई में कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु निगम प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुये भिलाई निगम कर्मचारियों से समन्वय कर मितानीन दीदी घर-घर जाकर लक्षण वाले लोगों की जानकारी एकत्रित कर रही है। मितानीन बहनो द्वारा परिवार के सदस्यों का नाम , उम्र उनके परिजन का नाम , वार्ड क्रमांक, किसी प्रकार का कोविड से संबंधित लक्षण हो तो उसकी जानकारी एवं लक्षण का प्रकार जैसे सर्दी, खांसी, बुखार, कमजोरी इत्यादि का विवरण, लक्षण प्रारंभ होने का दिनांक , क्या अन्य कोई पूर्व से बीमारी है , जैसे शुगर, बीपी, कैंसर इत्यादि, व्यक्ति का संपर्क नं. आदि की जानकारी एकत्रित की जा रही है। वहीं कोविड से संबंधित लक्षण वाले व्यक्तियों को लक्षण वाली दवाईयों का वितरण किया जा रहा है और शीघ्र ही कोविड जांच कराने के लिये नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की जानकारी दे रहे है , टेस्टिंग कराने प्रेरित किया जा रहा है और ऐसे लोगों का रिकॉर्ड रखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने कोविड से संबंधित लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान कर इसके अनुसार कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये उचित कदम उठाने के निर्देश दिये है। इसी के परिपालन में भिलाई क्षेत्र में कार्यरत 339 मितानीन महिलाये घर-घर जाकर सर्वे का कार्य कर रही है। कोरोना संक्रमण को प्रारम्भिक दौर में ही रोकना इस अभियान का प्रमुख उददेश्य है। कई दफा जानकारी के अभाव में कमजोर वर्ग लोग लक्षण होने पर भी कोविड जांच कराने के लिये नहीं निकल पाते , खासतौर पर ऐसे लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इस प्रकार से परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। निगम प्रशासन अपील करता है कि सर्वे के दौरान परिवार के लोग सहयोग का रवैया अपनाकर कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये अपने लक्षण इत्यादि की आवश्यक जानकारी देकर कोरोना संक्रमण को थामने में जरूरी सहयोग करें। वही मितानिन बहने टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करने का कार्य कर रही है!